**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 10-03-2006**

**Participants : Chauhan Shri Nihal Chand**

an>

Title : Regarding non-supply of full share of water to Rajasthan by Punjab Government resulting in loss of crops in Rajasthan.

**श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) :** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया, उसके लिये धन्य वाद।

उपाध्यक्ष जी, राजस्थान कृि प्रधान प्रदेश है जिसकी अर्थ-व्यवस्था कृि पर आधारित है। राजस्थान में सब से बड़ी इन्दिरा गांधी नहर परियोजना है। वर्ा 1981 में हुये समझौते के अनुसार पंजाब 6 एम.ए.एफ. पानी रखेगा और बाद में जब परियोजना पूरी हो जायेगी तो राजस्थान को भी पानी मिलेगा। वर्तमान में वह परियोजना पूरी हो गई है लेकिन पंजाब राज्य राजस्थान को पानी नहीं दे रहा है। वर्तमान समय इस नहर में 1301 मिलियन एकड़ फीट पानी है लेकिन पंजाब पानी देने से मना कर रहा है। जब पिछली बार 1295 एम.ए.एफ पानी था या इसके पहले 1262 एम.ए.एफ पानी था तो राजस्थान को पानी मिलता रहा लेकिन इस बार राजस्थान को पानी देने से मना कर दिया है। अगर राजस्थान को पानी नहीं मिला तो किसानों की पूरी की पूरी फसल नट हो जायेगी। यह एक राट्रीय क्षति है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि पंजाब सरकार को निर्देशित किया जाए कि राजस्थान का हिस्सा. 6 एम.ए.एफ. पानी उसे दिया जाये। एक मेज़र शेयर राजस्थान सरकार का है। इसके अलावा भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में चेयरमैन रोटेशन के आधार पर बने हैं, जिसमें पंजाब और हरियाणा के बन चुके हैं लेकिन राजस्थान का आज तक नहीं बना है। यहां तक कि राजस्थान की तरफ से कोई सदस्य भी बोर्ड में नहीं रहा। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान प्रदेश की तरफ से एक सदस्य बोर्ड में मनोनीत किया जाये।